**संसद सदस्यों ने डॉ राम मनोहर लोहिया को श्रद्धांजलि दी**

...

**नई दिल्ली, 23 मार्च, 2023:** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन के सेंट्रल हॉल में डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धाजलि अर्पित की।

केन्द्रीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी; केन्द्रीय कानून मंत्री श्री किरेन रिजिजू; राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री मलिक्कार्जुन खरगे, राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश, सांसदों और पूर्व सांसदों ने भी डॉ. लोहिया की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी डॉ. राम मनोहर लोहिया को पुष्पांजलि अर्पित की।

समारोह में भाग लेने वाले गणमान्य व्यक्तियों को लोक सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित डॉ. राम मनोहर लोहिया के जीवन परिचय वाली एक पुस्तिका भेंट की गई।

डॉ. राम मनोहर लोहिया के चित्र का अनावरण 30 मई, 1991 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर द्वारा राष्ट्र के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में किया गया था।